भारतीय रेलवे रेल इंजन (लोको) मैकेनिकल कर्मचारी संस्था और रेल इंजन कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन

10214. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रेलवे रेल-इंजन मैकेनिकल कर्मचारी संस्था की ओर से रेल-इंजन कर्मचारियों ने 23 अप्रैल, 1970 को उत्तर रेलवे के डिवीजनल सुपरिन्टेन्डेन्ट के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कर्मचारियों ने डिवीजनल सुपरिन्टेन्डेन्ट को एक ज्ञापन दिया था ;

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार ने इस बीच इस ज्ञापन पर विचार किया है ; और

(ङ) यदि हां, तो रेलवे प्रशासन द्वारा इस बीच दूर की गई शिकायतों का ब्यौरा क्या है और शेष शिकायतों को दूर न करने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री नन्दा) : (क) कुछ लोको यांत्रिक और फिटिंग कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल 23-4-70 को मंडल अधीक्षक से मिला था और जैसा प्रश्न में कहा गया है, कोई प्रदर्शन नहीं किया गया है ।

(ख) जी हां ।

(ग) से (ङ). दो विवरण जिनमें से एक विवरण में ज्ञापन में उल्लिखित शिकायतों का और दूसरे विवरण में रेल प्रशासन द्वारा दी गयी कार्रवाई का ब्यौरा सभा-पटल पर रखा गया है । [**ग्रन्थालय में रखा गया है । देखिये संख्या** —3603/70]

सारन जिला (बिहार) में सीवान के स्थान पर कागज के कारखाने की स्थापना

10215. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार सरकार का विचार सीवान, जिला सारन, में सहकारी क्षेत्र में कागज का एक कारखाना स्थापित करने का है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या राज्य सरकार ने इस उद्देश्य हेतु केन्द्रीय सरकार से किसी प्रकार की सहायता मांगी है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) अभी तक भारत सरकार को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं मिला है ।

(ख) से (ङ). प्रश्न ही नहीं उठते ।

कांग्रेस रेलवे कर्मचारी यूनियन की रेलवे इन्स्टीट्यूट, दानापुर में सभा

10216. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 18 अप्रैल, 1970 को कांग्रेस रेलवे मैन यूनियन, जो कि 'इन्टक' से सम्बद्ध है, के तत्वावधान में दानापुर (खागोल) स्थित रेलवे इन्स्टीट्यूट में रेलवे कर्मचारियों की एक सभा हुई थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त सभा में एक कांग्रेसी श्रम नेता भी उपस्थित था ;

(ग) यदि हां, तो क्या उक्त सभा में कोई अप्रिय घटना घटी थी ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इण्डियन रेलवे लोको मैकेनिकल स्टाफ एसोसिएशन के